दिनांक : 30.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में घुसपैठ को पूरी तरह से रोका जाएगा। आने वाले समय में घुसपैठियों को चुन–चुन कर देश से बाहर निकाला जाएगा। आज कोलकाता में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि घुसपैठ को रोकने का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है और इसे लेकर सरकार कोई कोताही नहीं बरतेगी।

............

गृहमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा सरकार का संवैधानिक दायित्व है और इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा।

...............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नीति आयोग में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक करेंगे। यह चर्चा सरकार की ओर से किये जाने वाले महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णयों से पहले लिए जा रहे परामर्श का हिस्सा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी इस बैठक में शामिल होंगी। इस दौरान कई आर्थिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है। श्री मोदी आगामी केंद्रीय बजट पर अर्थशास्त्रियों के सुझावों और नजरिये को जानेंगे। इस दौरान विकास को गति देने, व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने तथा उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए, और सुधारों की आवश्यकता पर भी बातचीत होगी। घरेलू और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य भी इस बैठक का एक प्रमुख विषय रहेगा। इस तरह के परामर्श सरकार की बजट–पूर्व प्रक्रिया का एक नियमित हिस्सा हैं।

नीति आयोग में होने वाली यह चर्चा सरकार को आर्थिक नियोजन के अगले चरण की तैयारी में काफी सहायता करेगी।

...............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगने की संभावना है। बैठक में निकाय और पंचायत चुनावों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। निकाय चुनावों में प्रत्याशियों के दो संतानों के नियम में छूट देने पर भी विचार किया जा सकता है। बैठक में प्रदेश की युवा नीति को भी मंजूरी मिल सकती है। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिपरिषद् की भी बैठक आयोजित की जाएगी।

इससे पहले श्री शर्मा ने कल जल संसाधन विभाग और कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अगले साल राज्य में आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम 2026 की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इससे राज्य की कृषि क्षमता को अंतर्राष्ट्रीय मंच मिलेगा। इसके साथ ही कृषि प्रसंस्करण और मार्केटिंग को भी बढ़ावा मिलेगा। तीन दिन के इस आयोजन में 50 हजार से ज्यादा किसान शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने 15 जनवरी को सेना दिवस के मौके पर जयपुर में होने वाली आर्मी डे परेड की तैयारियों को लेकर भी बैठक की।

...............

प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव के बीच कल से मौसम में बदलाव का अनुमान है। मौसम विभाग ने कल 11 जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। उत्तर भारत में सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में कल बीकानेर, जोधपुर, अजमेर संभाग के साथ शेखावाटी क्षेत्र के कुछ जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। वहीं एक जनवरी को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में भी बारिश की गतिविधियां हो सकती हैं। इसके साथ ही प्रदेश में घने कोहरे और सर्द हवाओं का दौर बना रह सकता है। इस बीच, आज अलवर, भरतपुर, अजमेर और सहित शेखावाटी अंचल में घना कोहरा छाया रहा। कई क्षेत्रों में दृश्यता 50 मीटर से भी कम रह गई।

घने कोहरे से सड़क, रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ रहा है। कई रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं। वहीं कम दृश्यता के कारण अनेक उड़ानें रद्द की गई हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर एक

पोस्ट में यात्रियों से आग्रह किया है कि वे अपनी उड़ान की स्थिति की लगातार जांच करें और संबंधित एयरलाइनों के संपर्क में रहें।

................

नये साल के स्वागत के लिए मनाये जाने वाले जश्न के दौरान प्रदेश में शांति और बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं। इसके साथ ही महिला सुरक्षा को लेकर भी विशेष इंतजाम रहेंगे। इसके लिए महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगी। इसी कड़ी में कल जयपुर में विशेष पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश ने होटल कारोबारियों और बार संचालकों के साथ बैठक की।

पुलिस आयुक्त श्री प्रकाश ने कहा कि नये साल के जश्न में शराब पीकर वाहन चलाने और सड़क हादसों की प्रभावी रोकथाम तथा यातायात सुरक्षा के लिए भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए पुलिस के नोडल अधिकारी भी बनाये गये हैं।

................